दिनांकः 17.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–आदि कर्मयोगी अभियान से हर आदिवासी गांव को स्वावलंबी बनाया जाएगां
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मोरपाल सुमन को अपना उम्मीदवार बनायां
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल नदबई से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त जारी करेंगें
- पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत कल से–लोगों में विशेष उत्साहं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जनजातीय समुदाय भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं उन्होंने कहा कि जनजातीय परम्पराएं विकास को प्रकृति के साथ जोड़ती हैं श्रीमती मुर्मू आज नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं राष्ट्रपति ने कहा है कि आदि कर्मयोगी अभियान प्रत्येक आदिवासी गाँव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया हैं उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरकार ने आदिवासी समुदाय पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब इस क्षेत्र में सरकार सार्थक प्रयास कर रही हैं उन्होंने कहा कि सभी लोग आदिवासी समुदाय को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता रखें

................

सम्मेलन में राष्ट्रपति ने आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित कियां भीलवाडा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु भी सम्मान पाने वालों में शामिल हैं यह सम्मेलन जनजातीय ग्राम विजन 2030 पर विचार से कार्यान्वयन तक केंद्रित रहां अभियान के तहत सम्मेलन के दौरान, पांच विषयगत समूह, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य और पोषण, आजीविका और उद्यमिता, बुनियादी ढांचे और शासन और संस्थागत सुदृढ़ीकरण सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार–विमर्श किया गयां

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये नामांकन पत्र भरने के वास्ते अब केवल 4 दिन का समय बाकी हैं नामांकन पत्र 21 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगें अंता रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि अब तक कुल 11 नामांकन पत्र भरे जा चुके हैं इस बीच, आज भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट के लिए मोरपाल सुमन को अपना प्रत्याशी घोषित किया हैं वे वर्तमान में बारां पंचायत समिति के प्रधान हैं इस सीट पर प्रमोद जैन भाया कांग्रेस के उम्मीदवार हैं इस बीच, भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित पार्टी के अन्य नेता इस सूची में शामिल हैं

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की नासिक उत्पादन इकाई में बने पहले तेजस एलसीए एमके वन ए लड़ाकू जेट विमान का अनावरण कियां इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने एचटीटी–40 प्रशिक्षु विमान बनाने वाली इकाई का शुभारंभ कियां श्री सिंह ने नासिक डिवीजन में निर्मित सुखोई–30, एलसीए और एचटीटी–40 विमानों की सराहना करते हुए कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की उड़ान हैं श्री सिंह ने कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता दोहराएगीं

................

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, "गिवअप" अभियान की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी हैं इस अभियान में सभी लोग स्वेच्छा से अपना खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवा सकते हैं, जो सरकारी कर्मचारी हैं और 1 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय या पेंशन पाते हैं, या निजी चौपहिया वाहन धारक हैं सरकार ने कहा है कि 31 अक्टूबर के बाद पकड़े गए अपात्र व्यक्तियों से प्राप्त खाद्यान्न की वसूली की जाएगीं

000

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज चूरू में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन कियां उन्होंने शिविर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न कार्य कर बड़ी राहत दे रही हैं श्री खर्रा ने घोषणा की कि जनता की सुविधा को देखते हुए इन शिविरों की अवधि और बढ़ाई जाएगीं इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किस्त का वितरण भी कियां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल भरतपुर के नदबई से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के रूप में किसानों के खातों में 7 अरब 17 करोड़ रुपये हस्तांतरित करेंगें सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राजस्थान में यह योजना पिछले साल 30 जून को लागू हुई इसके तहत वार्षिक सहायता 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार और वित्तीय वर्ष 2025–26 में 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष कर दी गई हैं अब किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से हर साल 9 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे डीबीटी द्वारा मिलेगीं राज्य में अब तक 71 लाख 79 हजार किसानों को लाभ मिला हैं

000

जैसलमेर में हुए बस अग्निकांड के बाद परिवहन विभाग ने एसी और स्लीपर बसों की जांच के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया हैं इस अभियान के तहत अब तक 1 हजार 700 से अधिक बसों की जांच की जा चुकी हैं अतिरिक्त परिवहन आयुक्त ओ.पी. बुनकर ने आकाशवाणी को बताया कि भविष्य में इस तरह की घटना पर रोक लगाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं

....................

श्री बुनकर ने बस मालिकों का आह्वान किया कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करने में सहयोग करें और यदि वाहन में सुरक्षा की कोई कमी है तो उसे दूर करें

इस बीच, जैसलमेर बस अग्निकांड में बुरी तरह झुलसे लोगों का जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज किया जा रहा हैं अस्पताल के अधीक्षक फतेह सिंह भाटी ने बताया कि आज एक और व्यक्ति की मृत्यु के साथ मृतकों का आंकड़ा 23 हो गया हैं उन्होंने बताया कि अस्पताल में 13 अन्य लोग भर्ती हैं, जिनमें से 8 घायलों की हालत नाजुक बनी हुई हैं

000

पांच दिवसीय दीपोत्सव कल से शुरू हो रहा हैं कल धनतेरस के साथ पर्व का शुभारंभ होगां धनतेरस या धन त्रयोदशी पर सोने–चांदी के सिक्के, आभूषण और बर्तन खरीदने की परम्परा हैं अगले दिन रूप चतुर्दशी यानि छोटी दीवाली मनाई जायेगीं इस दिन महिलाओं के सजने–संवरने की परम्परा हैं इस बार अमावस्या 20 और 21 अक्टूबर दो दिन रहने के कारण दीवाली पर लक्ष्मी पूजन अलग–अलग स्थानों पर सोमवार तथा मंगलवार को होगां 22 अक्टूबर को गोवर्धन और अन्नकूट की धूम रहेगी, जबकि 23 अक्टूबर को भाईदूज के साथ पर्व का समापन होगां

दीपोत्सव को लेकर प्रदेशभर में विशेष उत्साह हैं बाजारों, दुकानों, घरों और कार्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं जयपुर के बाजारों में रंगीन लाइटों से सजावट की गई हैं दीवाली की खरीदारी करने के लिए बाजारों में लोगों की भारी भीड़ हैं लोग नये कपड़े, जेवर, बर्तन, इलैक्ट्रोनिक वस्तुएं और सजावटी चीजों की खरीददारी कर रहे हैं

साथ ही वाहनों की भी अच्छी बिक्री हो रही हैं उपभोक्ताओं को इस बार जीएसटी बचत उत्सव का फायदा भी मिल रहा हैं दीपावली पर पटाखे चलाने की भी परम्परा है, लेकिन राजधानी जयपुर में इस बार पटाखे चलाने के प्रति कम ही उत्साह दिख रहा हैं

000

दीपोत्सव और अन्य त्योहारों के मद्देनजर, सुरक्षा तैयारियों को पुख्ता करने के लिए पाली के तखतगढ़ में नगर पालिका ने फायर मॉक ड्रिल कियां इस दौरान अग्निशमन वाहन का रखरखाव सुनिश्चित करने के साथ ही कार्यरत कार्मिकों को भी प्रशिक्षित किया गयां उधर, सवाई माधोपुर के सामान्य चिकित्सालय में भी आग लगने की काल्पनिक सूचना पर मॉक ड्रिल की गई जिला कलेक्टर काना राम ने बताया कि इस अभ्यास में पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड सहित विभिन्न विभागों की तैयारियों और उनकी तत्परता का आकलन किया गयां अभ्यास के बाद सामने आई कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं

000

दौसा जेल में इस दीपावली पर एक अनूठी पहल की गई हैं श्यालावास विशेष केंद्रीय कारागार के बंदी इस बार त्योहार के लिए पर्यावरण–अनुकूल दीपक बना रहे हैं जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया की इस कार्य में बंदी मिट्टी और गोबर का उपयोग कर पारंपरिक दीपक तैयार कर रहे हैं
जेल प्रशासन का कहना है कि इसका उद्देश्य बंदियों में सकारात्मकता, श्रमशीलता और कलात्मकता को बढ़ावा देना हैं इस दीपावली पर जेल परिसर को इन्हीं दीपकों से रोशन किया जाएगा, जो उनके श्रम का सम्मान होगां

000

बालोतरा पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड बनाने वाले गिरोह को पकड़ा हैं पुलिस ने इस मामले में दस लोगों को गिरफ्तार किया हैं बालोतरा के पुलिस अधीक्षक रमेश ने बताया कि आरोपियों ने बालोतरा में लगभग बारह हज़ार और प्रदेशभर में पचास हज़ार से ज़्यादा फ़र्ज़ी सिम कार्ड बेचे हैं उन्होंने लोगों से अपने नाम पर जारी सिम कार्ड की जानकारी प्राप्त करने की अपील की, जिससे किसी भी तरह के धोखे से बचा जा सकें

......................

000